आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.06.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है।
- श्री विजयपुरम में सप्ताहव्यापी मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव आज से शुरू।
- गृहमंत्री अमित शाह ने राहत आयुक्तों से 90 दिनों के भीतर जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने का निर्देश दिया।
- देहरादून में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल सेवन्स रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में चयनित टीमें द्वीपों का प्रतिनिधित्व करेगी।

<><><><><><>

सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना के लिए संदर्भ तिथि पहली मार्च 2027 होगी। लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगी। यह भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी और देश के स्वतंत्र होने के बाद आठवीं जनगणना होगी।

<><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने आज राज्य पुस्तकालय में मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव – 2025 का उद्‌घाटन किया। 22 जून तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य पढ़ने की आदतों को बढ़ावा और साहित्य के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के साथ पुस्तक प्रेमियों के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर, मुख्य सचिव ने पुस्तकालय परिसर और विभिन्न अनुभागों का दौरा किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य सचिव ने बौद्धिक विकास और व्यक्तिगत विकास की आधारशिला के रूप में पढ़ने के मूल्य को रेखांकित किया। उन्होंने आज की तेज गति वाली डिजिटल दुनिया में, पढ़ने की आदत विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए ड्राइंग सत्र, कहानी सुनाना, पुस्तक पढ़ने की गतिविधियाँ और खजाने की खोज गतिविधियां चलाई गई। सप्ताह भर चलने वाली प्रतियोगिताओं में कहानी सुनाना, खजाने की खोज, शिल्प निर्माण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, कहानी और नारा लेखन, समाचार पढ़ना और वृत्तचित्र फिल्म स्क्रीनिंग शामिल हैं। इस महोत्सव में शिक्षा सचिव एल. कुमार, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह, शिक्षा उप–निदेशक अर्चना सिंह, उप निदेशक शिक्षा –विज्ञान राम प्रवेश, और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि नर्सिंग अधिकारी भर्ती सामान्य पात्रता परीक्षा–एन.ओर.आर.सी.ई.टी. जो पहले वर्ष में एक बार आयोजित की जाती थी, अब दो बार आयोजित की जाएगी। इस पहल से समय पर भर्ती और निर्बाध रोगी देखभाल सेवाएँ सुनिश्चित होंगी। यह नीतिगत बदलाव एम्स और मंत्रालय की रणनीतिक योजना के अनुरूप किया गया है। एन.ओर.आर.सी.ई.टी.–2025 का आयोजन एम्स नई दिल्ली द्वारा सभी एम्स सहित प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत स्थापित नए एम्स और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले अन्य केंद्रीय सरकारी अस्पताल के लिए किया गया था।

<><><><><><>

गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यों के राहत आयुक्तों से कहा है कि अगले 90 दिन के भीतर प्रत्येक जिले के लिए जिला आपदा प्रबंधन योजना तैयार करें। आज नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी है कि जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए। गृहमंत्री ने कहा कि

सरकार आपदाओं से निपटने में इस लक्ष्य के साथ नीतियां तैयार कर रही हैं कि आपदा की स्थिति में एक भी व्यक्ति हताहत न हो।

गृहमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढते वैश्विक तापमान ने दुनिया को आपदाओं के बारे में चिंतित कर दिया है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा रोधी ढांचे की मजबूती से भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने जा रहा है।

<><><><><><>

उत्तराखंड के देहरादून में 8 से 13 जुलाई तक आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल सेवन्स रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में द्वीपसमूह से 12 लड़के और 12 लड़कियों की टीम द्वीपों का प्रतिनिधित्व करेगी। इस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए चयनित टीमें 6 जुलाई को देहरादून के लिए रवाना होगी।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से मिशन शक्ति के तहत महिलाओं के लिए उत्पीड़न और कानूनी सहायता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हैडो में आयोजित कार्यक्रम में लिंग विशेषज्ञ हेमलता ने महिलाओं और युवा लड़कियों के लिए उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी दी। राज्य मिशन समन्वयक डॉ. नीतू सिंधु ने सभी महिलाओं को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और विभाग उन महिलाओं की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उत्पीड़न के शिकार है। समाज कल्याण विभाग निशुल्क कानूनी परामर्श और सलाह, शिकायत दर्ज करने और कानूनी प्रणाली पर सहायता प्रदान करती है। यह कार्यक्रम समाज कल्याण निदेशक रविन्द्र कुमार और नोडल अधिकारी रीता देवी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

<><><><><><>

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व –ईपीआर उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड मालिकों को पुनर्चक्रण, पुनः उपयोग या पर्यावरण की दृष्टि से उचित निपटान विधियों के माध्यम से अपने प्लास्टिक पैकेजिंग कचरे का उचित प्रसंस्करण सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया है। इसके तहत सी पी सी बी के साथ दो से अधिक राज्यों में संचालित उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड मालिकों के पंजीकरण के लिए एक केंद्रीकृत ईपीआर पोर्टल विकसित किया गया है। प्लास्टिक उत्पादक, आयातक और ब्रांड मालिक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विकसित केंद्रीकृत ईपीआर पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><>

केन्द्रीय औद्योगिक बल की क्षेत्रीय इकाई कल वार्षिक फायरिंग अभ्यास–एनुअल रेंज क्लाशिफिकेशन आयोजित करेगी। यह अभ्यास ब्रिचगंज स्थित आर्मी फायरिंग रेंज में सुबह नौ बजे से शाम साढ़े सात बजे तक आयोजित किया जाएगा। आम जनता से इस दौरान फायरिंग रेंज से दूर रहने को कहा गया है।

<><><><><><>